# रेलवे भर्ती सेल
# पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## भूतपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर भर्ती

रोजगार सूचना सं0–एनईआर/आरआरसी/ईएसएम/संविदा/2018 दिनांक–27.07.2018

1. **आवेदन की अन्तिम तिथिः**(05.08.2018, 20.08.2018 तथा 30.08.2018)
   - i. दिनांक–05.08.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर प्रथम चरण में विचार किया जायेगा।
   - ii. प्रथम चरण में रिक्तियॉ शेष रह जाने की दशा में दिनांक–20.08.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जायेगा।
   - iii. यदि कोई रिक्ति शेष रह जाती है तो दिनांक–30.08.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जायेगा।
2. **रिक्तियों का विवरणः कुल 954 पद**

   लखनऊ मण्डल–230 पद

   वाराणसी मण्डल–724 पद
3. **चयनित भूतपूर्व सैनिकों का कार्यस्थलः** चयनित भूतपूर्व सैनिकों को निम्न स्थानों पर स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किया जायेगा।
   - i. **लखनऊ मंडलः** बलरामपुर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, महराजगंज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर जिलों में स्थित समपार फाटक।
   - ii. **वाराणसी मंडलः** इलाहाबाद, आजमगढ़, बलिया, भदोही, छपरा, देवरिया, गाजीपुर, गोपालगंज, गोरखपुर, जौनपुर, कुशीनगर, महराजगंज, मऊ, सिवान वाराणसी जिलों में स्थित समपार फाटक।

   **नोटः** चयनित भूतपूर्व सैनिकों को यथा सम्भव उनके निवास स्थान अथवा उनकी पसंद के स्थानों पर स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किये जाने का प्रयास किया जायेगा। जिलावार समपार फाटकों की स्थिति (लोकेशन) का विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।
4. **आवेदन किस प्रकार करें:** अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है अथवा इस अधिसूचना के साथ संलग्न प्रारूप पर आवेदन लिख कर अथवा टाइप कर रेलवे भर्ती सेल गोरखपुर को भेजा जा सकता है। प्रथम चरण में पात्र होने के लिए बहुत कम समय होने के कारण अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है।
   - i. **ऑनलाइन आवेदनः** अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध लिंक क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन का नेवीगेशन लिंक निम्नवत हैः

27.07.18

www.ner.indianrailways.gov.in >> Contact Us/Recruitment >> Recruitment >> RRC है। किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी ई–मेल पते crrcner@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

**ii.** **ऑफलाइन आवेदनः** अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के स्थान पर संलग्न प्रारूप में सादे कागज पर स्पष्ट लिखावट में अथवा टाइप करके भी अपना आवेदन डाक द्वारा **अध्यक्ष, रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे, सीसीएम एनेक्सी बिल्डिंग, रेलवे रोड नं0–14, गोरखपुर –273012** के पते पर भेज सकते हैं अथवा रेलवे भर्ती सेल में रखे गये ड्रॉप बाक्स में कार्यालय की कार्य अवधि के दौरान डाल सकते हैं। तथापि इस प्रकार प्राप्त आवेदनों के विलम्ब से प्राप्त होने के लिए रेलवे भर्ती सेल उत्तरदायी नहीं होगा। **विलम्ब से बचने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन ही करने की सलाह दी जाती है।**

5. **आवेदन शुल्कः** शुन्य
6. **न्यूनतम शैक्षिक योग्यताः** मैट्रिकुलेशन(10वीं) अथवा समकक्ष।
7. **मानदेयः** संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को ग्रेड पे 1800 (लेवल–1) वेतनमान के समतुल्य मानदेय देय होगा। वर्तमान दरों पर यह राशि लगभग ₹ 25000 होगी।
8. **संविदा की अवधिः** संविदा की अवधि एक वर्ष होगी जिसकी भविष्य में बढ़ते रहने की सम्भावना है। तथापि रेलवे की आवश्यकता समाप्त हो जाने की दशा में अथवा कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
9. **अधिकतम आयु सीमाः** 01.01.2019 की तिथि पर 65 वर्ष।
10. **चिकित्सकीय परीक्षाः** चयनित अभ्यर्थियों का रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा तथा ए–3 चिकित्सा श्रेणी में उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें नियुक्ति दी जायेगी।
11. **चयन का आधारः** अभ्यर्थियों का चयन एवं वरीयता का निर्धारण उनकी सैन्य सेवा की अवधि के आधार पर किया जायेगा।
12. **कार्य के घण्टे, विश्राम एवं छुट्टियाँः** अधिकतम समपार फाटक "सी" श्रेणी के समपार फाटक हैं जिनपर प्रतिदिन 12 घण्टे की शिफ्ट में कार्य किये जाने का प्रावधान है। अन्य प्रकार के समपार फाटकों पर नियुक्त किये जाने की दशा में प्रति दिन 8 घण्टे की शिफ्ट में कार्य करना होगा। प्रति सप्ताह एक दिन का विश्राम देय होगा। संविदा पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को प्रति वर्ष 10 दिन का आकस्मिक अवकाश देय होगा। इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर मानदेय में आनुपातिक कटौति की जाएगी।
13. दिनांक–05.08.2018 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट पर प्रलेख सत्यापन हेतु तिथि, समय एवं स्थान अंकित होगा। शेष अभ्यर्थियों को प्रलेख सत्यापन की सूचना एसएमएस तथा वेबसाइट के माध्यम से दी जायेगी।

27.07.18

14. सभी अभ्यर्थी कृपया निम्न अभिलेखों की मूल प्रति एवं उनकी एक छायाप्रति के साथ प्रलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रिपोर्ट करें:

i. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट (ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए)
ii. वैध फोटो पहचान पत्र
iii. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र
iv. सेवा मुक्ति पुस्तिका (डिस्चार्ज बुक)
v. दो अदद नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ

27.07.18

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल

## भूतपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर भर्ती हेतु आवेदनपत्र

रोजगार सूचना सं0–एनईआर/आरआरसी/ईएसएम/संविदा/2018 दिनांक–27.07.2018

.....................................................................................................

अभ्यर्थी अपना नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाए।

1. नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में): ..............................................................................
2. पिता का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में): ..............................................................................
3. जन्मतिथिः ..............................................................................
4. आधार संख्याः ..............................................................................
5. मोबाइल संख्याः ..............................................................................
6. पत्र व्यवहार का पताः ..............................................................................

   ..............................................................................

   .............................................................................. पिनः ........................
7. शैक्षिक योग्यताः ..............................................................................
8. सैन्य सेवा में नियुक्ति की तिथिः ..............................................................................
9. सेवानिवृत्ति की तिथिः ..............................................................................
10. सैन्य सेवा की अवधिः ........................ वर्ष ........................ माह ........................ दिन
11. मण्डल की प्राथमिकताः **प्रथम वरीयता** **द्वितीय वरीयता**

    ........................................ ........................................

**नोटः** अभ्यर्थी उपरोक्त खानों में अपनी प्राथमिकता के आधार पर वाराणसी अथवा लखनऊ भरें।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर